वि. वि. मं.

रामकृष्ण महादेव साळगांवकर उच्च माध्य. विद्यालय

कोंब मडगांव गोवा

प्रथम सत्र परीक्षा

कक्षा : १२ वी | विषय : हिन्दी | समय : ३ घंटे

दिनांक ७ |१० |२०२५ | अंक: ८०

सामान्य निर्देश :

१. कुल प्रश्न ४२ है।
२. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
३. दायी ओर दर्शायी हुई संख्या प्रश्न के अंक दर्शाती है।

खंड - क ( कुल अंक १५ )

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर पुछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

शंकर चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ढाई साल से सोलह साल के बच्चे भारत के स्कूलों में तैयारी करते रहते है। भारत के बाहर भी लगभग १०० देशो के बच्चे हर वर्ष इस अंतर्राष्ट्रीय बाल चित्रकला प्रतियोगिता मे भाग लेते है। आज नयी दिल्ली ने चिल्ड्रेन बुक ट्रस्ट, बाल पुस्तकालय, गुडिया घर है। एक नया हॉबी सेंटर है। शंकर ने जिस तरह सभी देशों की सुंदर, कलापूर्ण गुडियों की खोज की उसी तरह बच्चों के लिए विश्वभर की चुनी हुई हजारों पुस्तकों का भी एक संग्रह किया। उनका स्थापित किया हुआ 'चिल्ड्रेन बुक ट्रस्ट' हर वर्ष बहुत सारी पुस्तकों का प्रकाशन भी करता है। इन पुस्तकों में भारत की लोक कथाएँ, पौराणिक कथाएँ, पंचतंत्र और हितोपदेश की कहानियाँ तथा ज्ञान विज्ञान की कहानियाँ होती हैं, जिनकी छपाई का स्तर बहुत ऊँचा है। भारत की संस्कृति की इन कहानियों को देश की सभी भाषाओं में प्रस्तुत करने की योजना है। देश में छपाई का स्तर ऊँचा हो, इसके लिए वे प्रशिक्षण कोर्स भी चलाते थे। १९५४ में शंकर को हंगरी की एक गुडिया उपहार में मिली। वह गुडिया इतनी सुंदर थी कि शंकर बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने विभिन्न देशों से ढेर सारी गुडिया ला लाकर भारतीय बच्चों के लिए जमा करनी शुरु कर दी। पहले उन्होंने अपनी गुडियों के इस संग्रह को कई जगह प्रदर्शनियाँ लगाकर बच्चों को दिखाया।

१. शंकर चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उम्र की क्या सीमा है? १
२. 'वर्ष' शब्द का विशेषण रूप लिखिए। १
३. उक्त गद्यांश में 'प्रतिस्पर्धा' शब्द के लिए कौनसा समानार्थी शब्द आया है? १
४. 'भाग लेना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। १
५. 'बहुत' शब्द की भाववाचक संज्ञा लिखिए। १
६. 'अंतर्राष्ट्रीय' शब्द का विलोम शब्द लिखिए। १
७. शंकर जी के संग्रह में प्रकाशित पुस्तकों में कैसी कथाएँ होती थी? २
८. शंकर जी पर उपहार में मिली हंगरी की एक गुडिया का क्या प्रभाव पडा? २

निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर पुछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
( लगभग १५ से २० शब्दों में )

हम पंछी उन्मुक्त गगन के
पिंजरबध्द न गा पाएँगे,
कनक तीलियों से टकराकर
पुलकित पंख टूट जाएँगे।
हम बहता जल पीनेवाले
मर जाएँगे भूखे प्यासे,
कहीं भली है कटुक निबोरी
कनक कटोरी की मैदा
स्वर्ण श्रृंखला से बंधन में
अपनी गति, उडान सब भूले,

बस सपनों में देख रहे है
तरु की फुनगी पर के झूले

९. पंछी पिंजरे में बंद होकर क्या भूल गये है ? १
१० पंछी पिंजरे में क्यों नहीं गा पायेंगे ? १
११. पंछी भूखे प्यासे क्यो मरेंगे ? १
१२. पंछी सपनों में क्या देखते है ? १
१३. पंछी के पुलकित पंख क्यों टूट गये है ? १

## खंड - ख ( कुल अंक ४० )

**निम्नलिखित पठित काव्यांश के आधार पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

बडा भया तो का भया , जैसे पेड खजूर ।
पंथी को छाया नही , फल लागे अति दूर ॥

१४. सच किसके समान होता है ? १
१५. कबीर ने किसे सुखियाँ कहाँ है ? १
१६. कबीर के अनुसार मनुष्य कैसे स्वच्छ हो सकता है ? १
१७. ' बिना परोपकार के बडप्पन व्यर्थ है ' यह कबीर ने कैसे समझाया है ? २

अथवा

श्याम तन , भर बँधा यौवन ,
नत नयन , प्रिय कर्म रत मन ।
गुरु हथौडा हाथ,
करती बार बार प्रहार
सामने तरु मालिका अट्टालिका , प्राकार ।

१४. उक्त पंक्तियो के कवि कौन है ? १
१५. कविता में कवि ने किस वर्ग की दयनीय परिस्थिति का वर्णन किया है ? १
१६. कविने महिला को किस स्थान पर देखा था ? १
१७. ' सामने तरु मालिका अट्टालिका , प्राकार ' पंक्ति का व्यंग्य स्पष्ट कीजिए । २

१८. निम्नलिखित काव्यांश का भाव सौन्दर्य स्पष्ट करते हुए शिल्प संबंधी कोई दो विशेषताएँ लिखिए । ( लगभग ५० शब्दों में ) ४

" सब आँखे मूँद कर लडते है , जय इसी लोक में पाने को ,
पर , कर्ण जूझता है , कोई ऊँचा सध्दर्म निभाने को ,
सबके समेत पङ्किल सर में , मेरे भी चरण पडेंगे क्या ?
ये लोभ मृत्तिकामय जग के, आत्मा का तेज हरेंगे क्या ? "

अथवा

एक तेजी एक भाग दौड
एक धक्कमधुक्का , एक होड
जिनके चारों ओर है ।
मगर वे चुप है
उन सबके मुख पर एक ही भाव है ,
उनकी सबकी एक ही मुद्राएँ है ।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( लगभग ४० शब्दों में )

१९. निम्नलिखित काव्य पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए।

कथनी कथी तौ क्या भया , जे करणीं न ठहराइ ।
कालबूत के कोट ज्यूं , देषत ही ढहि जाइ ॥

अथवा

ईस भजनु सारथी सुजाना । बिरति चर्म संतोष कृपाना ॥
दान परसु बुधि सक्ति प्रचंडा । बर बिग्यान कठिन कोदंडा ॥

२०. ' पोस्टर और आदमी ' कविता का व्यंग्य स्पष्ट कीजिए।

अथवा

२०. कवयित्री अपने बचपन को बार बार क्यों याद करती है ?

निम्नलिखित पठित गद्यांश के आधार पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।
(लगभग १० - २० शब्दों में )

एक बार समाजवादी दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक थी , जिसमें आचार्य नरेंद्रदेव , जयप्रकाश नारायण, अशोक मेहता , कमला देवी चट्टोपाध्याय और डॉ. लोहिया भी उपस्थित थे। मैं जिस समूह में काम करता था , उसमें लोहिया के दो तीन अनुयायी थे। जिन्होंने उनसे मिलने की अनुमति माँगी थी। इसलिए हम लोग उनसे मिलने के लिए जहाँ बैठक चल रही थी , वहाँ चले गए। वे हमें देखते ही बैठक छोडकर बाहर आ गए। यह हम लोगों के लिए किसी आश्चर्य से कम न था। हममें से किसी एक ने उनसे उत्सुकतावश पूछा कि " डॉक्टर साहब आप इतने बडे बडे लोगों को छोडकर हमारे पास क्यों आ गए ?" इस बात पर उन्होंने कहा आपसे किसने कहा कि आप बडे नही है ? आप भी बडे हैं। भला ऐसे व्यक्ति पर कौन न्यौछावर नही होगा।

२१. लोहिया की कौनसी बात पर लेखक आश्चर्यचकित हो गये ? १
२२. गांधीजी के संबंध में कहे गये नेहरु के कौनसे कथन पर लोहिया नेहरू पर क्रोधित हुए ? १
२३. लोहिया के गोवा में आगमन के बारे में सुनकर लोगों को कौनसा विश्वास हुआ ? १
२४. लोहिया ने लेखक का सिगरेट पीने का संकोच कैसे दूर किया ? २

निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए। ( लगभग ८० शब्दों में ) १०

२५. बडे भाई साहब ने जिंदगी के अनुभव और किताबी ज्ञान में से किसे और क्यों महत्त्वपूर्ण कहा है ?

अथवा

२५. रानू की बहू और कबरी बिल्ली के बीच के संघर्ष का विस्तार से वर्णन कीजिए।

२६. साधुने सदाचार और भ्रष्टाचार के बारे में राजा से क्या कहा ?

अथवा

२६. जीवनलाल के चरित्र का विश्लेषण कीजिए।

निम्नलिखित पठित गद्यांश ( वितान ) के आधार पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

हाईस्कूल के पहले ही वर्ष की ,परीक्षा के समय की , एक घटना उल्लेखनीय है। शिक्षा विभाग के इंस्पेक्टर जाइल्स विद्यालय का निरीक्षण करने आए थे , उन्होंने पहली कक्षा के विद्यार्थियों को अंग्रेजी के पाँच शब्द लिखाए। उनमें एक शब्द ' केटल ' (kettle ) था। मैंने उसके हिज्जे गलत लिखे थे। शिक्षकने अपने बूट की नोंक मारकर मुझे सावधान किया। लेकिन मैं क्यों सावधान होने लगा ? मुझे यह खयाल ही नही हो सका कि शिक्षक मुझे पास वाले लडके की पट्टी देखकर हिज्जे सुधार लेने को कहते हैं। मैने यह माना था कि शिक्षक तो यह देख रहे है कि हम एक दूसरे की पट्टी में देखकर चोरी न करें। सब लडकों के पाँचों शब्द सही निकले और अकेला मैं बेवकूफ ठहरा ! शिक्षक ने मुझे मेरी बेवकूफी बाद में समझाई ; लेकिन मेरे मन पर उसके समझाने का कोई असर न हुआ। मैं दूसरे लडको की पट्टी में देखकर चोरी करना भी सीख न सका।

२७. ' मेरा जन्म और बचपन ' यह रचना हिन्दी साहित्य की किस विधा में लिखी हुई है ? १
२८. ओता गांधी ने पोरबंदर क्यों छोडा ? १

२९. बचपन में गांधीजी का स्वभाव कैसा था? १
३०. गाधीजी की खेल के प्रति अरुचि का क्या कारण था ? १
३१. गांधीजी ने अपने आप को बेवकूफ क्यों माना ? २
३२. गाधीजी ने दोराबजी एदलजी गीमी हेडमास्टर की कौन कौनसी विशेषताएँ बताई है ? २
३३. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? इस पाठ के लेखक कौन है ? २

**खंड - ग (कुल अंक २५ )**

**निम्नलिखित माध्यम और लेखन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** ५

३४. जनसंचार माध्यम के कौन कौन से रुप वर्तमान में प्रचलित है ?
३५. स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान छपनेवाली किन्ही चार प्रमुख पत्रिकाओं के नाम बताइए।

३६. भारत का सबसे पुराना टी. वी चैनल कौनसा है ?

अथवा

३६. रेडियो का माध्यम क्या है ?
३७. सिनेमा का आविष्कार किसने किया था ?

अथवा

३७ . इंटरनेट क्या है ?
३८. बंगाल गजट के संपादक कौन थे ?

**३९. निम्नलिखित किसी एक विषय पर फीचर तैयार कीजिए। ( लगभग १०० शब्दों में )** ५

आनंद हासिल करना -- एक कला है

अथवा

बच्चों का छिनता बचपन

**४०. निम्नलिखित किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। ( लगभग १०० शब्दों में )** ५

काम ही पूजा है

अथवा

मनुष्यता का दूसरा नाम परोपकार

**४१. विवेक उच्च माध्यनिक विद्यालय द्वारा मनाए गए ' वन महोत्सव ' कार्यक्रम पर ( लगभग १०० शब्दों में ) प्रतिवेदन ( रिपोर्ट ) तैयार कीजिए।** ५

**४२. दिवेश / दिशा जोशी साई निवास, दादर, मुंबई से नीचे दिए गये नवभारत टाइम्स के विज्ञापन (Advertisement ) के आधार पर आवेदन पत्र तैयार करता \ करती है।** ५

> **आवश्यकता है**
> **गणित अध्यापक**
> शैक्षणिक योग्यता - एम.एस.सी उत्तीर्ण
> बी . एड उत्तीर्ण
> संगणक का ज्ञान आवश्यक।
> मराठी, हिन्दी और अंग्रेजी भाषा का ज्ञान आवश्यक
> अनुभव - कम से कम दो साल
> आदि पूरी जानकारी के साथ आवेदन करे।
> संपर्क
> प्राचार्य
> विकास उच्च माध्यमिक विद्यालय,
> ठाणे, मुंबई

—x—x—